# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की कार्रवाई : मानसरोवर थाना इलाके में पकड़ा सट्टेबाजी का कारोबार

## महादेव बैटिंग एप पर खेला रहे थे 70 से अधिक ऑनलाइन गेम्स पर सट्टा

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मानसरोवर थाना इलाके के नारायण विहार क्षेत्र स्थित एक मकान में दबिश देकर सट्टेबाजी का बड़े कारोबार का भंडाफोड़ किया है। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों रोबिन कुमार (32) निवासी गोठडा जिला झून्झनू हाल नारायण सागर एबीसी एवं रवि गौदारा (31) निवासी सुरजगढ जिला झून्झनु को गिरफ्तार किया है जो महादेव बैटिंग एप पर 70 से अधिक ऑनलाइन गेम्स पर सट्टा खिला रहे थे।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय ने मानसरोवर थाना इलाके के नारायण विहार क्षेत्र स्थित एक मकान में दबिश देकर सट्टेबाजी का बड़े कारोबार का भंडाफोड़ कर दो आरोपी गिरफ्तार किये है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ) दिनेश एमएन बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने लाखों रुपये की भारतीय एवं विदेशी मुद्रा 10 मोबाइल, तीन पासपोर्ट, यूनाइटेड अरब अमीरात के रेजिडेंट कार्ड एवं मकान के बाहर खड़ी चार लग्जरी गाड़ियां रेंजरोवर, डिफेंडर, वॉल्वो एवं स्कार्पियो जब्त की है। आरोपी महादेव बैटिंग ऐप पर 70 से अधिक ऑनलाइन गेम्स पर सट्टेबाजी कर रहे थे। आरोपी बैंक खाता किराए पर लेकर अज्ञात लोगों के नाम से ली गई मोबाइल सिम का उपयोग कर ऑनलाइन गेम्स का प्रलोभन देकर करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन कर रहे थे।

एजीटीएफ को सूचना मिली कि मानसरोवर थाना इलाके के नारायण विहार क्षेत्र में मकान नंबर बी 58 नारायण सागर एबीसी में कुछ युवक बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करवा रहे हैं। इस पर एसएचओ मानसरोवर को सूचना देकर पीएचक्यू से एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार को मौके पर रवाना किया गया।

दोनों टीमों द्वारा उक्त मकान पर छापा मारा गया। मकान के अन्दर बने हॉल में सोफे पर दो युवक रोबिन कुमार जाट निवासी झुन्झनू हाल प्लाट नम्बर बी-58, नारायण सागर एबीसी एवं रवि गौदारा निवासी सुरजगढ जिला झुंझुनू मोबाइल चलाते हुए मिले। दोनों आरोपी महादेव बैटिंग एप पर ऑनलाइन गेम्स पर सट्टेबाजी का धंधा कर रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास कुल 10 मोबाइल, 3 पासपोर्ट, यूनाइटेड अरब अमीरात के 2 रेजिडेंट

- **दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों रुपए की भारतीय एवं विदेशी मुद्रा सहित चार लग्जरी गाड़ियां, 10 मोबाइल, तीन पासपोर्ट, यूनाइटेड अरब अमीरात के रेजिडेंट कार्ड जब्त**

कार्ड, 3 एटीएम कार्ड, 1,50,350 भारतीय रुपये, 10 नोट 100 यूएस डॉलर के, इण्डोनेशियाई मुद्रा के 1 लाख के 8 नोट, 5000 के 7 नोट, 2000 का 1 नोट, यूनाइटेड अरब अमीरात मुद्रा के 1000 के 4 नोट, 100 का एक नोट, 5 के 20 नोट, 50 के 6 नोट, 10 के 26 नोट एवं 20 के 4 नोट मिले।

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ऑनलाईन साईट एमडी पैनल (महादेव) से ऑल नाम की पेनल आईडी ले रखी है। इस पैनल की मास्टर आईडी पार्टनर मुकेश मीणा निवासी हरमाडा जयपुर एवं महेश पुनिया निवासी गांव बीपर फतेहपुर जिला सीकर के पास है। युआरएल.सर्च करने पर ऑल नाम की पेनल आईडी खुलती है जिसमें वे अपने स्वयं की कस्टमर आईडी तथा पासवर्ड लगाकर चालू करते हैं।

उनके साथी महेश पुनिया इस पैनल पर कस्टमर आईडी बनाकर ग्राहकों को देता है। महेश ही इन आईडी पर किराये पर लिए बैंक खाता लगाता है। एमडी पैनल पर उनके खाते का क्यू आर कोड लगाते है, जिस पर खेलने वाला व्यक्ति रकम लगाते है, उक्त रकम किराये के खातें में आ जाती है। जिसे ये अपने इन्टरनल खातों में ट्रांसफर कर हार-जीत होने के बाद एमडी पैनल पर विड्रॉल करते है। यह सब काम ऑनलाईन और प्रतिदिन होता है, जिसका हिसाब ऑनलाइन ही रहता है। इस सम्पूर्ण काम का रिकार्ड महेश पुनिया के पास है। ऑनलाईन 20-20 तीन पत्ती आईसी, बॉलीवुड कसीनो, मिनी सुपर ओवर, गॉल, लकी 15, गोल्डन रौलेट, 32 कार्ड्स, वन कार्ड वन डे सहित कुल 70 प्रकार के ऑनलाइन गेम खिलवाते है।

एजीटीएफ के उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में एएसआई शंकर दयाल शर्मा व हैड कांस्टेबल कमल सिंह की विशेष भूमिका तथा हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम व चालक सुरेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा। कार्रवाई में मानसरोवर थाने से उप निरीक्षक अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल नवीन कुमार, भरत लाल, विष्णु शामिल थे।

## सार-समाचार

### रंगीलो फागण कार्यक्रम में झूमी महिलाऐं



**जयपुर।** गणगौर महिला ग्रुप की ओर से आयोजित रंगीलो फागण कार्यक्रम में महिलाओं ने फागुन और होली के लोकगीत और लोकधुनों पर जमकर नृत्य किया। ग्रुप की फाऊन्डर और डायरेक्टर सुशीला भारती ने बताया की सभी महिलाएँ पारंपरिक रंग बिरंगे राजस्थानी पोशाक में नजर आई। सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाई और विशेष राजस्थानी शृंगार किया। इठलाती हुई महिलाओं ने जब मंच पर नृत्य किया तो राजस्थानी संस्कृति साकार हो उठी। कार्यक्रम के दौरान एकल और सामूहिक नृत्य आयोजित किए गये। फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। गणगौर महिला ग्रुप समय समय पर राजस्थान के तीज त्यौहारों पर ऐसे कार्यक्रम करता रहता है ताकि घरेलू और काम-काजी महिलाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच मिल सके। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य राजस्थानी कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है जो हमारे समाज से धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है।

### डॉ ध्रुव शर्मा को हृदय व फेफड़े प्रत्यारोपण की फैलोशिप

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय व संलग्न अस्पताल के हृदय एवं वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग के सह आचार्य डॉ ध्रुव शर्मा को इंडियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवेस्क्यूलर एंड थोरेसिक सर्जन्स की फैलोशिप हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट एंड मैकेनिकल सर्कयूलेटरी सपोर्ट से सम्मानित किया गया है। यह कार्यशाला नई दिल्ली में 20-23 फरवरी, 2025 तक आयोजित की गई थी। डायरेक्टर जनरल आर्मड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज की डॉ आरती सरीन ने फैलोशिप डॉ ध्रुव शर्मा को प्रदान की। इस अवसर पर आई.एस.सी.टी.एस अध्यक्ष डॉ मनोज दरैयाज, पूर्व अध्यक्ष डॉ आनंद संचेति, सचिव डॉ सी.एस. हिरेमथ, कॉफ्रेंस ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ के.एस. अय्यर व आयोजन सचिव जेड.एस. मेहरवाल की उपस्थिति रही। डॉ ध्रुव शर्मा ने हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट की ट्रेनिंग चेन्नई के विश्वविद्यालय ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ के.आर. बालाकृष्णन के नेतृत्व में की है। डॉ ध्रुव शर्मा भारत में यह फैलोशिप करने वाले पहले सर्जन हैं।



### राजकीय अवकाश के दिन में संचालित होंगे उप पंजीयक कार्यालय

**जयपुर।** आमजन की सुविधा हेतु प्रत्येक शनिवार-रविवार की भांति 26 फरवरी को राजकीय अवकाश के दिन भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों में राजकार्य होगा। इन कार्यालयों में सामान्य दिनों की भांति पंजीयन एवं मुद्रांक संबंधी सभी कामकाज किए जायेगें। उप महानिरीक्षक, मुद्रांक डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि कार्यालय महानिरीक्षक मुद्रांक एवं पंजीयन, अजमेर द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में महाशिवरात्रि अवकाश के दिन को जयपुर जिले के समस्त उप पंजीयक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस के समान खुले रहेगें। उक्त दिनांक को सभी प्रकार के दस्तावेजों का पंजीयन, बकाया राशि की वसूली से संबंधित समस्त कार्य सम्पादित किये जायेंगे। इसी प्रकार मार्च के सभी शनिवार एवं रविवार को भी सभी उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेगें। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा अधिक राजस्व अर्जन के उद्वेश्य से ये निर्णय लिया गया है । पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग का निर्धारित राजस्व लक्ष्य भी 11 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 11 हजार 900 करोड़ रुपये कर दिया गया है। जिसकी प्राप्ति के लिए भी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### मासूम बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या की

**जयपुर ।** प्रताप नगर थाने इलाके में सोमवार देर शाम एक सात वर्षीय मासूम बच्ची दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामा सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने मासूम बच्ची की हत्या करने के बाद शव को छत पर छुपा दिया था। बच्ची के नहीं मिलने पर परिवार ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई ओरबच्ची की तलाश में संभावित जगहों पर सर्च किया। इस दौरान घर की छत पर बच्ची की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई । पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्वतेजस्विनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना इलाके से सात वर्षीय की बच्ची के गुम होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने बच्ची के परिवार के साथ सर्च शुरू किया। इस दौरान बच्ची की लाश घर की छत पर ही मिली। बच्ची का शव मिलने पर एफएसएल और अन्य टीमों को मौके पर बुलाया गया और सबूत जुटाए गए कर घटना के हर पहलू पर जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व में बताया कि हत्यारा बच्ची के पड़ोस में रहता है और बच्ची के पिता के साथ काम करताहै। सोमवार शाम क वह बच्ची के घर आया और उसे खिलाने के बहाने छत पर ले गया। वहां दुष्कर्म के बाद हत्या की और शव को छत पर छोड़कर चला गया।

### मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का मदन राठौड़ ने स्वागत किया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला सहित मध्य प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा कार्यालय आने पर एमपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और दोनों उपमुख्यमंत्री का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मध्यप्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पंचौरी और पूर्व जिला अध्यक्ष भोपाल सुमित पंचौरी का भी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

# चैन स्नैचर व जालुपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने शातिर चैन स्नैचर व जालुपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपी रहीश खान पुत्र मुस्ताक खान बड़ी मस्जिद के पीछे

- **शहर के विभिन्न थानों में दर्ज है 2 दर्जन से अधिक मुकदमे**

जालुपुरा का रहने वाला है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत सिंधी कैंप थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने लगातार मेहनत कर वांछित अपराधियों पर निगरानी जारी रखी गई एवं सूचना संकलन करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी आरोपी रहीश मस्जिद के पीछे जालुपुरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रहीश खान महिलाओं के गले से चैन तोड़ने का हार्डकोर अपराधी हैं, जिसके खिलाफ शहर में विभिन्न थानों में करीब 2 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।



सिंधी कैंप थाना पुलिस ने शातिर चैन स्नैचर व जालुपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।

## मॉडल टाउन में ताश के पत्तों संग 6 जुआरी गिरफ्तार

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना ने मॉडल टाउनन में ताश पत्तों संग 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 हजार 160 रुपए जब्त किए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे आरोपी नरेश आशवानी (39) निवासी मानसरोवर, विकास जसवानी (39) निवासी मालवीय नगर, राजकुमार सहजवानी (40) निवासी मालवीय नगर, दीपक नारवानी (38) निवासी मालवीय नगर, नरेश नारवानी (37) निवासी मालवीय नगर और संजय यादव (49) निवासी जवाहर सर्किल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त तेजस्विनी गौतम ने अवैध रूप से जुआ सट्टा की धरपकड व कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर मॉडल टाउन में जुआ खेलते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 हजार 160 रुपए जब्त किए है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा दिनांक राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) का आयोजन 27 फरवरी एवं 28 फरवरी को तीन पारी में जयपुर शहर के 233 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसमें कुल 2 लाख 70 हजार 18 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का संचालन 25 फरवरी प्रात: 6 बजे से 28 फरवरी को परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा सामग्री जिले से रीट कार्यालय अजमेर के लिए रवाना होने तक निरंतर कार्य करेगा। उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम श्री राजेश जाखड़ (मोबाइल नंबर-9414674073) को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2209910 एवं 0141-2209908 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित

- **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जाएगा परीक्षा का आयोजन**

जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार, 27 फरवरी को प्रथम पारी (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक) में लेवल प्रथम (कक्षा 1 से 5) की परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 87 हजार 413 उम्मीदवार पंजीकृत हैं। द्वितीय पारी में (दोपहर 3 बजे से सांय 5:30 बजे तक) लेवल प्रथम (कक्षा 1 से 5) की परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें 91 हजार 537 उम्मीदवार पंजीकृत हैं। वहीं, शुक्रवार 28 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लेवल द्वितीय (कक्षा 6 से 8) की परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 91 हजार 68 उम्मीदवार पंजीकृत हैं।

# रोडी-कंक्रीट के बिना सीधे मिट्टी में कल्वर्टर बाक्स डाल रहा ठेकेदार, जेडीए मौन !

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सिरसी रोड पर पानी के निकास के लिए डाले जा रहे कल्वर्टर बाक्स में ठेकेदार जमकर नियमों का उल्लंघन कर रहा है। बाक्स में बिना रोडी मिक्स क्रंक्रीट की परत बिछाए सीधे मिट्टी में डाला जा रहा है। इसके साथ ही वहां खुदाई में निकली जमकर बेची जा रही है जबकि मिट्टी गांव में ही खड्डों में और भरी जानी चाहिए।

क्वालिटी की जांच किए बिना डाले जा रहे हैं। बाक्स को डालने में न तो लेवल का ध्यान रखा जा रहा है और न ही मौके पर जेईएन और एईएन तैनात है। बाक्स डालने वाले बेलदार और मजदूर ही इंजीनियर बने हुए हैं। जेडीए

- **सिरसी रोड पर पानी निकासी के लिए किए जा रहे काम में हो रही जमकर धांधली**
- **खुदाई में निकली मिट्टी खुलेआम बेची जा रही, जबकि इसे गांव में ही खड्डों में भरी जानी चाहिए थी**

के जोन सात में यह काम हो रहा है। यह काम लालचंद तिवारी ने 38 प्रतिशत कम रेट पर लिया है।

सड़क पर खुदाई करते समय कल्वर्टर बाक्स डालने से पहले रोडी कंक्रीट मिक्स कर बेस बनाया जाता है जबकि मौके पर मोटे मोटे पत्थर बिछा कर उन्ही पर बाक्स डाला जा रहा है, लीकेज के समय मिट्टी ढहने से पूरी सड़क पर कटाव हो सकता है।

कल्वर्टर बाक्स की खुदाई करते समय लेवल का ध्यान रखा जाता है। सड़क का ढलान किस तरफ है, मौके पर मौजूद इंजीनियर ही लेबर को बता सकता है कि खुदाई किस साइज की होनी चाहिए, उसका ढलान किस तरफ होना चाहिए, मौके पर जेडीए का इंजीनियर नहीं रहने से ठेकेदार की लेबर बेलदार और कारीगर ही इंजीनियर बने हुए हैं। उनका कहना था कि अभी तो हम ही इंजीनियर है। हम अपने अनुभव से ही खुदाई कर बाक्स डाल रहे हैं।



मौके पर डाले जा रहे कल्वर्टर बाक्स की गुणवत्ता किस तरह की है इसकी भी कोई जांच नहीं की गई है। यह बाक्स किस क्वालिटी के है उनमें लोहे की मात्रा कितनी है सरिया कितना है सरिया किस कंपनी का डाला गया है।

कास्टिंग किस तरह की है। इसका थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन किया जाता है। उसके बाद ही ये बाक्स डाले जाते हैं। यहां डाले जा रहे बाक्स में किसी तरह की जांच नहीं की गई है। बाद में जेडीए की गुणवत्ता प्रकोष्ठ की टीम भी जांचने गई तो उसने भी इन सब तथ्यों को नजरअंदाज कर दिया।

# दिया कुमारी ने विरासत म्यूजियम बनाने के लिये निर्देश दिये

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशों पर पर्यटन विभाग अब राजस्थान आने वाले पर्यटकों के लिए मोबइल ऐप तैयार करवा रहा है। वहीं जयपुर स्थित राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट को विरासत म्यूजियम बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के समक्ष शासन सचिव पर्यटन रवि जैन की उपस्थिति में सोमवार को सचिवालय में प्रस्तुतिकरण दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए ऐसा ऑनलाइन ऐप तैयार किया जिससे राजस्थान आने वाले पर्यटक ऐप के माध्यम से सभी तरह की पर्यटन सूचनाएं प्राप्त कर सके साथ ही पर्यटन सम्बंधित मदद भी प्राप्त कर सके। दिया कुमारी ने जयपुर स्थित राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट में विरासत म्यूजियम बनाने के लिए प्रस्तुतिकरण देखने के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

## पेटीएम ने भारत का पहला सोलर साउंड बॉक्स लॉन्च किया

**जयपुर।** पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है तथा क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान की अग्रणी रही है, ने व्यापारियों के लिए 'पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स' लॉन्च किया है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उपकरण है। यह इनोवेशन हल्की धूप में भी जल्दी चार्ज होकर पूरे दिन की पावर प्रदान करता है, जिससे छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को बिना किसी परेशानी के भुगतान और विश्वसनीय सेवा मिलती है। भारत में बना यह पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स एक एनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान है, जो कम लागत वाले वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत का उपयोग करता है। यह ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ उन स्थानों में भी व्यापारियों को डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा बनने में सक्षम बनाता है जहां बिजली की कमी होती है। इसके साथ, पेटीएम व्यापारियों को समर्थन देना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और पूरे देश में स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

# न्यूनतम आय गारंटीड नियम यदि जल्दी नहीं बनाए गए तो राज्य व्यापी आंदोलन होगा : निखिल डे

**जयपुर।** सूचना एवं रोज़गार अभियान,राजस्थान के बैनर तले आज राजस्थान के विभिन्न जिलों के सिलिकोसिस पीड़ित, निर्माण मजदूर घरेलू कामगार महिलाएं तथा विभिन्न तरह का काम करने वाले मजदूर शहीद स्मारक जयपुर पर पहुंचे।

- **आजादी के 78 साल बाद भी मजदूरों का सम्मान नहीं : प्रकाश कुमार**
- **सिलिकोसिस पीड़ित जांच और राहत के लिए भटक रहे दर दर : धर्मराज**
- **घरेलू कामगार महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए : वासना चक्रवर्ती**

देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले ये मजदूर-चाहे वे खदानों, कारखानों, सिरेमिक उद्योगों या निर्माण स्थलों पर काम कर रहे हों-सभी को योजनाबद्ध रूप से सामाजिक सुरक्षा और उचित मुआवज़े से वंचित किया जा रहा है। महिलाओ की भी बड़ी संख्या में इन कार्यों में भागीदारी है, लेकिन उन्हें भी समान रूप से अनदेखा किया जाता है।

राजस्थान सरकार ने लोकतांत्रिक अधिकारों पर भी अंकुश लगाते हुए केवल एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति दी है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का खुला उल्लंघन है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं धरने के संयोजक निखिल डे ने कहा कि बोलने का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, इसके बिना किसी भी अन्य अधिकार की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स, पंजीकरण एवं कल्याण, न्यूनतम आय गारंटीड एवं स्वास्थ्य का अधिकार कानून के नियम यदि जल्दी नहीं बनाए जाते हैं तो हमें मजबूरन राज्य व्यापी आंदोलन करना पड़ेगा।

सिलिकोसिस पीड़ितों के सा लंबे समय से काम कर रहे धर्मराज ने कहा कि सिलिकोसिस पीड़ित जांच और राहत के लिए दर दर भटक रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सिलिकोसिस नीति बनाई लेकिन उसे ठीक से लागू नहीं किया। आज सिलिकोसिस से पीड़ित लंबे समय तक जांच नहीं होने के कारण मर रहे हैं लेकिन उनको प्रमाणित नहीं किया जा रहा है। समय पर उनको नीति के अनुसार राहत भी नहीं मिल रही है।

घरेलू कामगार महिला यूनियन से जुड़ी वासना चक्रवर्ती के कहा कि घरेलू कामगार महिलाओं का सरकार द्वारा कोई पंजीकरण नहीं किया जाता है जिससे वे अपने आपको घरेलू कामगार सिद्ध नहीं कर पाती हैं, इसलिए उन्होंने मांग की कि सरकार घरेलू कामगार महिलाओं का पंजीकरण करे और उनके लिए सामाजिक सुरक्षा के लिए योजना बनाए।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 24 जनवरी को शुरू हुई श्रमिक सम्मान यात्रा आज जयपुर के शहीद स्मारक पर पहुंची जहां पर यात्रा के सभी साथियों का स्वागत किया गया। यात्रा की ओर से कचरा कामगार यूनियन एवं हमल पंचायत से जुड़े प्रकाश कुमार ने कहा कि आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी श्रमिकों को वह सम्मान नहीं मिला है जिसके भी हकदार है।

अभियान की ओर से निखिल डे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से मिला जिसमें प्रमुख तौर पर सिलिकोसिस एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित मांगों को रखा गया उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की समस्त मांगों को सुना तथा मांगों पर उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया।